Title: Re: Need to introduce flight services from Latur Airport under the Regional Connectivity Scheme ? UDAN.

श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे (लातूर): महोदय, सन् 2008 में लातूर में हवाई अड्डे का निर्माण हुआ था तथा वहाँ से तत्कालीन किंगफिशर एयरलाइन ने घरेलू उड़ानें चालू कीं, परन्तु कुछ समय बाद ये घरेलू उड़ान बंद कर दी गईं ।

लातूर एयरपोर्ट से दो इंजन वाले 72 सीटर एटीआर 72 किस्म के वायुयान उड़ाए जाने की सुविधा उपलब्ध है । लातूर की जनता की काफी लंबे समय से माँग है कि लातूर से देश के विभिन्न हिस्सों के लिए घरेलू उड़ान चालू की जाएं । यही नहीं, लातूर स्थित रेल कोच फैक्ट्री में कोच का उत्पादन शीघ्र शुरू होने वाला है, जिसके मद्देनजर लातूर के लिए हवाई यात्री यातायात काफी बढ़ने की संभावना है ।

अतः इस सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि लातूर एयरपोर्ट को रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम-उड़ान के तहत लाया जाए तथा यहाँ से देश के विभिन्न महत्वपूर्ण मार्गों पर घरेलू उड़ान चालू की जाएं । फिलहाल मुम्बई से लातूर, नांदेड होते हुए तिरूपति के लिए उड़ान चालू की जा सकती है, क्योंकि इस मार्ग पर यात्री यातायात काफी होगा । धन्यवाद ।

HON. CHAIRPERSON: Shri Unmesh Bhaiyyasaheb Patil ---- Not present

? (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Shri Raju Bista Ji.